हिन्दुस्तान जिंक ने जिंक स्मेल्टर देबारी में 3 विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर को किया मजबूत

arlivenews.com/2025/05/03/hindustan-zinc-developed-building-infrastructure-of-three-schools-at-zinc-smelter-debari

Lucky Jain May 3, 2025

उदयपुर,(एआर लाइव न्यूज)। हिंदुस्तान जिंक ग्रामीण एवं सामुदायिक विकास पहल के तहत राजकीय विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रहा है। इसके तहत हिन्दुस्तान जिंक ने देबारी क्षेत्र में कक्षा कक्षों का निर्माण और जीर्णोद्धार किया है। बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय और चयनित स्कूलों में प्रार्थना शेड का निर्माण किया है। Hindustan Zinc developed school infrastructure

इसी कड़ी में जिंक स्मेल्टर देबारी के आस-पास के तीन विद्यालयों राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गडवा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, उदयसागर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालिका, देबारी में हैंडओवर एवं उद्घाटन समारोह आयोजित किये। जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सरपंच और उप.सरपंच सहित प्रमुख सामुदायिक प्रतिनिधियों और जिंक स्मेल्टर देबारी के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में दो कक्षा कक्षों और एक विद्यालय में जीर्णोद्धार का उद्घाटन किया गया। Hindustan Zinc developed school infrastructure

हिन्दुस्तान जिंक ने तीन राजकीय विद्यालयों में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) प्रयोगशालाओं की स्थापना भी की है। यह क्षेत्र में हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर कार्यक्रम के तहत की गयी पहल है, जिसे छात्रों को उन्नत तकनीकी उपकरणों से परिचित कराने और नवाचार-संचालित शिक्षण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

डिसक्लेमर: एआर लाइव न्यूज़ (AR Live News) से मिलते-जुलते नामों से रहें सावधान, उनका एआर लाइव न्यूज से कोई संबंध नहीं है। एआर लाइव न्यूज के संबंध में कोई भी बात करने के लिए पत्रकार लकी जैन (9887071584) और पत्रकार देवेन्द्र शर्मा (9672982063) ही अधिकृत हैं।

रोचक वीडियोज के लिए एआर लाइव न्यूज केhttps://www.youtube.com/@arlivenews3488/featuredयू-ट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें

Tags: ar live newshindustan zincHindustan Zinc developed school infrastructureHindustan Zinc developed school infrastructure in debarilatest news in hindiudaipurUdaipur newsudaipur news updatevedantaVedanta Hindustan Zinczinc smelter debari udaipur